श्रेष्ठ प्रयास (खाद्य एवं आपूर्ति विभाग)
कटिहार।

खाद्य एवं आपूर्ति :–

:– ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नव सर्वेक्षित परिवारों की प्राप्त सूची के आधार पर वर्ष 2008–09 एवं 2009–10 के लिए चयनित उपभोक्ताओं के बीच राशन एवं किरासन कूपन का वितरण किया गया। 240899 बी0 पी0 एल0, 53569 अन्त्योदय, 617902 किरासन (पीला), 592 अन्नपूर्णा (सफेद) 25475 विशेष अन्त्योदय (पीला) (अब बी0 पी0 एल0) कूपनों का वितरण किया गया।

इसी तरह 201674 बी0 पी0 एल0 परिवार को, 42289 अन्त्योदय तथा 205558 ए0 पी0 एल0 राशन कार्ड का वितरण जिले में किया गया।

:– **बी0 पी0 एल0** :– विगत साढ़े चार वर्षो में बी0 पी0 एल0 योजनान्तर्गत 1021396.86 क्वीं गेहूँ एवं 942463.81 क्वीं0 चावल का आवंटन प्राप्त हुआ जिसके विरूद्ध 768308 क्वीं गेहूँ तथा 941900.938 क्वीं चावल का उठाव करते हुए 698139.65 क्वीं गेहूँ तथा 913643.328 क्वीं चावल लाभान्वितों के बीच वितरण किया गया जो उठाव का क्रमशः 90.86 तथा 93.04 प्रतिशत है।

:– **अन्त्योदय अन्य योजना** :– विगत साढ़े चार वर्षो में अन्त्योदय योजनान्तर्गत 381597.27 क्वीं. गेहूँ एवं 541069.43 क्वीं0 चावल का आवंटन प्राप्त हुआ जिसके विरूद्ध 342152.78 क्वीं0 गेहूँ तथा 458749.375 क्वीं0 चावल का उठाव करते हुए 303234.25 क्वीं0 गेहूँ तथा 393663.19 क्वीं0 चावल लाभान्वितों के बीच वितरण किया गया जो उठाव का क्रमशः 88.26 तथा 85.81 प्रतिशत है।

:– **अन्नपूर्णा** :– विगत साढ़े चार वर्षो में अन्नपूर्णा योजनान्तर्गत 9309.25 क्वीं0 गेहूँ एवं 6163.49 क्वीं0 चावल का आवंटन प्राप्त हुआ जिसके विरूद्ध 8102.24 क्वीं0 गेहूँ तथा 5392.37 क्वीं0 चावल का उठाव करते हुए 6720.38 क्वीं गेहूँ तथा 4577.75 क्वीं0 चावल लाभान्वितों के बीच वितरण किया गया जो उठाव का क्रमशः 82.94 तथा 84.89 प्रतिशत है।

:– **किरासन तेल** :– नवम्बर 05 से मार्च 10 तक 107804544 ली0 किरासन तेल का आवंटन प्राप्त हुआ जिसके विरूद्ध 107499390 ली0 उठाव करते हुए 106336735.5 ली0 किरासन तेल लाभान्वितों के बीच वितरण किया गया जो उठाव का 98.91 प्रतिशत है।

:– **अधिप्राप्ति** :– वर्ष 2008–09 में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 500 मे0 टन प्राप्त हुआ जिसके विरूद्ध 1461.99 मे0 टन धान की अधिप्राप्ति हुई जो लक्ष्य का 292.39 प्रतिशत है एवं वर्ष 2008–09 में लक्ष्य 700 मे0 टन के विरूद्ध 2931.907 मे0 टन धान अधिप्राप्ति की गयी। रब्बी विपनन मौसम 2009–10 में प्राप्त लक्ष्य 15000 मे0 टन के विरूद्ध 5351.82 मे0 टन गेहूँ की अधिप्राप्ति की गयी।

:– **जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति** :– अनुकम्पा के आधार पर साढ़े चार वर्षो के अन्तर्गत 25 जन वितरण प्रणाली तथा चार ठेला भेंडरों की अनुज्ञप्ति निर्गत करने की स्वीकृति दी गयी।

:– अनुमंडल स्तर पर अनुश्रवण समिति का गठन तथा पंचायत/वार्ड स्तर पर निगरानी समिति का गठन कर क्रियान्वयन किया जा रहा है।